आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 31.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– रमेन डेका ने आज छत्तीसगढ़ के दसवें राज्यपाल के रूप में ली शपथ– राजभवन में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने शपथ दिलाई।

2– छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने आज वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से की मुलाकात।

3– बीजापुर में एक इनामी सहित पांच माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–सुकमा में सुरक्षा बलों ने ध्वस्त किया माओवादी स्मारक।

4– मौसम विभाग ने मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

रमेन डेका–राज्यपाल शपथ

आज राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के दसवें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और मुख्य न्यायाधीश ने राज्यपाल श्री डेका को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिवादन किया और शुभकामनाएं दीं।

समारोह में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने श्री डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट पढ़ा। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ और समापन सेरेमोनियल पुलिस बैंड द्वारा बजाए गए राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्यगीत की धुन भी बजाई गई। शपथ ग्रहण के बाद श्री डेका को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक उपस्थित थे।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल श्री डेका आज नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वे वहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल होंगे। यह सम्मेलन दो और तीन अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले, राज्यपाल श्री डेका आज आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम के नया रायपुर स्थित निवास के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने निवास परिसर में रूद्राक्ष का पौधा लगाया।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन–वित्त मंत्री

छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने आज वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ता और विभिन्न मांगो को लेकर अपनी बात की। इस पर वित्त मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री को बकाया महंगाई भत्ता एरियर्स, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के संदर्भ में सरकार से की जा रही अपेक्षाओं से अवगत कराया। जिस पर श्री चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो भी वायदा किया है, उसे पूरा किया जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत गरीब परिवारों को आवास दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी से जून महीने तक राज्य में तीस हजार से अधिक आवासों का निर्माण किया गया है। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत इस वर्ष जनवरी से जून महीने तक एक सौ पैंसठ करोड़ तीस लाख रुपए का केन्द्रांश और चौरानवे करोड़ रुपए से अधिक का राज्यांश स्वीकृत किया गया है। योजना के तहत तीन सौ अंठावन करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान हितग्राहियों को किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवास निर्माण में तेजी आएगी।

पीएम ई–बस सेवा–बैठक

प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में सार्वजनिक परिवहन सुविधा के लिए बसों की स्वीकृति प्रदान की गई। समिति द्वारा रायपुर के लिए सौ मिडी ई–बस, दुर्ग–भिलाई के लिए पचास, बिलासपुर के लिए पैंतीस मिडी तथा पंद्रह मिनी ई–बस और कोरबा के लिए बीस मिडी तथा बीस मिनी ई–बसों की स्वीकृति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

गौरतलब है कि शहरों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई–बस सेवा योजना शुरू की गई है।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा–समीक्षा

उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सत्ताईस जुलाई से शुरू हुए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जनसमस्या निवारण शिविरों में मिल रहे आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरों की समस्याओं के निदान और जनसुविधाएं विकसित करने के लिए व्यापक हित में योजना बनाने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए शिविरों में स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत अब तक प्रदेशभर से साढ़े उन्नीस हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से साढ़े सात हजार से अधिक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया है।

माओवादी आत्मसमर्पण–स्मारक ध्वस्त

बीजापुर जिले में आज एक लाख रूपये के इनामी सहित पांच माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों पर लूटपाट और हत्या जैसे विभिन्न वारदातों में शामिल रहने के आरोप थे। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

वहीं, सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा बनाए गए एक स्मारक को ध्वस्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह स्मारक माओवादियों ने टेकलगुड़ा इलाके के तिम्मापुर गांव में बनाया था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और जिला पुलिस बल की टीम ने यह कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री–बस्तर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बस्तर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री साय जगदलपुर के कृषि कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित महिला सम्मेलन में महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की हितग्राही महिलाओं के खाते में राशि का हस्तांतरण करेंगे। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की सुविधा के लिए महतारी मोबाईल ऐप का शुभारंभ भी किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में श्री साय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के स्व–सहायता समूहों को वित्तीय समावेशन के तहत सौ करोड़ रूपये का बैंक लोन भी जारी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बस्तर जिले को आठ करोड़ पैंतीस लाख रूपये से अधिक की राशि के विकास कार्यों की सौगात देंगे।

मुंशी प्रेमचंद जयंती–समारोह

राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान के सहयोग से आज नवा रायपुर में मुंशी प्रेमचंद्र की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजीव गांधी भू–जल अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने प्रेमचंद की कहानियों पर नाट्य मंचन किया। वहीं, समारोह में हरिशंकर परसाई के प्रेमचंद के जीवन पर आधारित निबंध 'प्रेमचंद के फटे जूते' पर एकल मंचन किया गया। इसके अलावा राजभाषा अधिकारी गोपाल प्रसाद ने प्रतिभागियों के बीच प्रेमचंद के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई। कार्यक्रम मे राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, नेहरू युवा केन्द्र रायपुर, नगरीय विमानन और सुरक्षा ब्यूरो, केन्द्रीय जल आयोग, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र और एमएसटीसी के अधिकारियों के साथ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अवकाश प्राप्ति/स्वीकृति–आवेदन

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कल से प्रदेश के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में और बारह अगस्त से सभी शैक्षणिक तथा प्रशासनिक कार्यालयों में अवकाश प्राप्ति और स्वीकृति की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस तिथि के बाद ऑफलाइन माध्यम से किया गया आवेदन निरस्त माना जायेगा। यह आदेश संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी कर दिया गया है।

शिक्षा महाविद्यालय–आवेदन

रायपुर के शंकर नगर स्थित शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में सत्र दो हजार चौबीस–छब्बीस के लिए एम.एड. और बी.एड. में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया कल एक अगस्त से शुरू होगी। इच्छुक उम्मीदवार सात अगस्त तक एस.सी.ई.आर.टी. की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्डकॉपी चौदह अगस्त तक महाविद्यालय में जमा करानी होगी।

मौसम

प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल से तीन अगस्त तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधि जारी रहने की संभावना जताई है।

इस बीच, रायगढ़ में बीती रात से हो रही बारिश के चलते केलो डैम के कुछ गेट खोल दिए गए हैं, जिससे धीरे–धीरे पानी छोड़ा जा रहा है। कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने नगर निगम आयुक्त, एसडीएम और नगर पुलिस अधीक्षक को जरूरी ऐहतियाती इंतजाम करने के लिए निर्देश दिए हैं।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और उन्नीस सौ तिरासी बैच की आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

– सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को जल्द ही दो नये न्यायाधीश मिलेंगे। इनकी नियुक्ति के साथ ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर सत्रह हो जाएगी।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम कल एक अगस्त को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय नौ अगस्त से जगदलपुर के लालबाग स्थित नये कार्यालय भवन से संचालित की जाएगी।

– बलौदाबाजार के ग्राम भदरा में पिछले दिनों हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा कसडोल पुलिस ने कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने भदरा निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के अकलतरा में सामर्थ्य विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, बैसाखी और अन्य उपकरणों का वितरण किया गया।

– सक्ती जिले के कंचनपुर गांव में टहलने निकली एक दिव्यांग महिला चैन स्नेचिंग का शिकार हो गई। घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>